Drishti IAS

डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

दिसंबर भाग-2 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440,
Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

प्रश्न भाग-2

1. "पोम्पे रोग" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पोम्पे रोग शरीर की कोशिकाओं के लाइसोसोम में ग्लाइकोजन का निर्माण की विशेषता है।
2. यह रोग एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जो एंजाइम एसिड अल्फा-ग्लूकोसिडेज़ की कमी के कारण होता है।
3. हालाँकि पोम्पे रोग का वर्तमान में कोई उपचार नहीं है, किंतु लक्षणों को दूर करने उपचार के विकल्प उपलब्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

2. भारतीय मानसून को प्रभावित करने वाले कारकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रीष्म ऋतु के दौरान, भारतीय उपमहाद्वीप का भू-भाग तेज़ी से ऊष्मित होता है, जिससे निम्न-दाब प्रणाली के के साथ भारत में मानसून पवनों का विकास होता है।
2. थार मरुस्थल, जिसे महान भारतीय मरुस्थल भी कहा जाता है, भारत में मानसूनी पवनों की उत्पत्ति का एक महत्त्वपूर्ण कारक है।
3. मानसून की अरब सागर शाखा, जो थार मरुस्थल के समानांतर चलती है, के कारण आसपास के क्षेत्रों में भी बहुत कम वर्षा होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

3. निम्नलिखित में से कौन-सी योजना/पहल भारत में असंगठित श्रम से संबंधित है?

1. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY)
2. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)
3. आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)
4. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM)

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिये:

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

4. हाल ही में खबरों में रहे स्किमिटर-सींग वाले ऑरेक्स का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया गया है:

A. शुष्क वातावरण के लिये अनुकूलित एक मृग
B. गहरे समुद्र में रहने वाला एक मांसाहारी प्राणी, जो गहरे समुद्र में रहता है
C. उष्णकटिबंधीय वर्षावनों में फलने-फूलने वाली एक दुर्लभ पक्षी प्रजाति
D. अद्वितीय बायोलुमिनसेंट विशेषताओं वाला एक उभयचर प्राणी

5. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SEZ, ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ किसी देश के घरेलू कानूनों की तुलना में अधिक कठोर आर्थिक कानून हैं।
2. एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र वर्ष 1965 में गुजरात के कांडला में स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 10 अक्तूबर को मनाया जाता है।
2. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित या वित्त पोषित सेवाओं से मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और उपचार तक पहुँच की गारंटी देता है।
3. मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किरण हेल्पलाइन शुरू की गई थी।

नोट :

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

7.. सामान्य रिपोर्टिंग मानकों (CRS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह क्षेत्राधिकारों को अपने संस्थानों से प्राप्त वित्तीय जानकारी का वार्षिक रूप से आदान-प्रदान करने का आदेश देता है।
2. विश्व बैंक की सूचना का स्वचालित आदान-प्रदान (AEOI) भी CRS ढाँचे का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. ई-सिगरेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ई-सिगरेट बैटरी से चलने वाले उपकरण हैं जो ठोस पदार्थ को एयरोसोल में गर्म करके संचालित होते हैं।
2. भारत में ई-सिगरेट रखना कानून का उल्लंघन है।
3. ई-सिगरेट में प्रत्यक्ष पदार्थ के रूप में निकोटीन की मात्रा नियमित सिगरेट की तुलना में कम होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) तंत्र अपशिष्ट प्रबंधन के वित्तीय बोझ को उत्पादक से सरकार पर स्थानांतरित कर देता है।
2. 'प्रदूषक भुगतान' सिद्धांत आम तौर पर स्वीकृत प्रथा है जिसके तहत जो लोग प्रदूषण फैलाते हैं उन्हें मानव स्वास्थ्य अथवा पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये इसके प्रबंधन की लागत वहन करनी चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका मुख्य उद्देश्य कानूनी प्रणाली में 'दलालों' को औपचारिक रूप से शामिल करना है।
2. दलाल (टाउट) से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो भुगतान के बदले में कानूनी व्यवसाय में कानूनी व्यवसायी का रोज़गार प्राप्त करता है।
3. कोई भी व्यक्ति जो दलाल के रूप में कार्य करता है, जबकि उसका नाम दलालों की सूची में शामिल है, उसे तीन महीने तक की कैद की सज़ा दी जाएगी।

उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

11. अरब लीग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मध्य पूर्व तक सीमित सभी अरब राज्यों का एक अंतर-सरकारी समग्र-अरब संगठन है।
2. इसका गठन अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. हाल ही में "विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स ईज़ (LEADS) 2023" रिपोर्ट का 5वाँ संस्करण निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया गया था ?

A. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
B. भारतीय रिज़र्व बैंक
C. नीति आयोग
D. पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

नोट :

13. जंगली याक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इनका वर्तमान निवास स्थान अब केवल भूटान और नेपाल तक ही सीमित है।
2. जंगली याक वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 2022 की अनुसूची I के अंतर्गत आता है।
3. उनकी IUCN स्थिति गंभीर रूप से खतरे में है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

14. हीरे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हीरा अशुद्ध कार्बन से बना प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला खनिज़ है।
2. दक्षिण अफ्रीका विश्व में कच्चे हीरों का सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15. वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में मध्यस्थता माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 द्वारा शासित एवं विनियमित होती है, जिसे केवल एक बार संशोधित किया गया है।
2. मध्यस्थता में, एक निष्पक्ष व्यक्ति जिसे "मध्यस्थ" कहा जाता है, पक्षों को विवाद के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुँचने में मदद करता है।
3. समझौता वार्ता वैकल्पिक विवाद समाधान का सबसे आम तरीका है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

16. अदन की खाड़ी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. यह अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट पर यमन और अफ्रीका में सोमालिया के बीच स्थित है।
B. यह बाब अल मांडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से लाल सागर को अरब सागर से जोड़ता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा शुरू की गई हिंद महासागर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक बहुराष्ट्रीय सुरक्षा पहल है।
2. SAGAR, हिंद महासागर में भारतीय तथा श्रीलंकाई नौसेनाओं के बीच एक वार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18. भारत में दूरसंचार उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत का दूरसंचार उद्योग विश्व का चौथा सबसे बड़ा उद्योग है।
2. यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) प्रवाह के मामले में चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है।
3. भारत की कुल टेली-घनत्व 100% है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

19. सोशल स्टॉक एक्सचेंज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सोशल स्टॉक एक्सचेंज लाभांश-भुगतान करने वाली कंपनियाँ हैं जो किसी सामाजिक समस्या के समाधान के लिये बनाई और डिज़ाइन की गई हैं।

नोट :

2. यह बाज़ार नियामक भारतीय सुरक्षा और विनिमय बोर्ड (SEBI) के तहत कार्य करता है।
3. यह ज़ीरो कूपन ज़ीरो प्रिंसिपल बॉण्ड (ZCZP) के माध्यम से धन जुटाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

20. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CCPI देशों के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन पर नज़र रखने के लिये एक स्वतंत्र निगरानी उपकरण है।
2. यह वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जा रहा है।
3. इसे जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

21. निम्नलिखित जोड़ियों पर विचार कीजिये:

नृत्य	राज्य
1. कोलाट्टम	A. अरुणाचल प्रदेश
2. पोनुंग	B. आंध्र प्रदेश
3. बगुरुम्बा	C. असम

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

22. विधान सभा सदस्य (MLA) की अयोग्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि निवारक निरोध कानून के तहत हिरासत में लिया जाता है तो इससे सदस्य को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
2. एक बार जब कोई विधायक अयोग्य घोषित हो जाता है, तो अदालत भी उस फैसले को वापस नहीं लिया जा सकता है।
3. किसी सदस्य की अयोग्यता पर राज्यपाल का निर्णय अंतिम होता है, लेकिन उन्हें कार्रवाई करने से पहले चुनाव आयोग की राय लेनी होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

23. भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चंद्रयान-4 मिशन का लक्ष्य मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है।
2. भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 तक लॉन्च किया जाएगा।
3. NISAR एक GEO (जियोस्टेशनरी ऑर्बिट) वेधशाला है जिसे नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

24. विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SPV को अक्सर दिवालियापन-दूरस्थ इकाई के रूप में जाना जाता है।
2. उद्यम पूंजीपति धन जुटाने तथा किसी स्टार्टअप में निवेश करने के लिये SPV का उपयोग करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. भारतीय वन एवं लकड़ी प्रमाणन योजना (IFWCS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्थायी वन प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन किया गया है जो स्वैच्छिक तृतीय-पक्ष प्रमाणीकरण प्रदान करता है।
2. इस योजना की देखरेख भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन परिषद द्वारा की जाएगी।
3. वनों के बाहर वृक्ष मानक योजना का हिस्सा नहीं है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

26. 'AI मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में भारत के भीतर AI के लिये सशक्त कंप्यूटिंग क्षमता स्थापित करना शामिल है।
2. इसमें 10,000 से 30,000 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) के बीच पर्याप्त कंप्यूटिंग क्षमता का निर्माण करना शामिल है।
3. इस मिशन के तहत भारत डेटासेट प्लेटफॉर्म स्टार्टअप और शोधकर्त्ताओं को अनामीकृत डेटासेट प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

27 'स्वयं सहायता समूह (SHG) बैंक लिंकेज (BL) परियोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SHG BL परियोजना वर्ष 1992 में NABARD द्वारा शुरू की गई थी और यह विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परियोजना बन गई है।
2. इस परियोजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) के तहत कर्मचारियों और सामुदायिक कैडरों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
3. बैंक सखी SHG की प्रशिक्षित सदस्य हैं जो लेनदेन और आवेदन प्रक्रियाओं में SHG सदस्यों की सहायता करने में मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

28. बिहार के मिथिला क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिथिला का एक समृद्ध तथा प्राचीन इतिहास रहा है, जिसका इतिहास वैदिक काल (1500-500 ईसा पूर्व) से प्रारंभ है।
2. इसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण में गंगा, पश्चिम में महानंदा नदी और पूर्व में गंडकी नदी है।
3. इसे महला के नाम से भी जाना जाता है जिसका उल्लेख बिहार, बंगाल एवं उड़ीसा के संयुक्त प्रांतों के राजस्व रिकॉर्ड में किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

29. 'परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में क्रांतिकता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक परमाणु रिएक्टर को महत्त्वपूर्ण तब कहा जाता है जब रिएक्टर के अंदर परमाणु ईंधन विखंडन श्रृंखला प्रतिक्रिया को बनाए रखता है।
2. प्रत्येक विखंडन प्रतिक्रिया, प्रतिक्रियाओं की श्रृंखला को बनाए रखने के लिये पर्याप्त संख्या में न्यूट्रॉन जारी करती है।
3. क्रांतिकता की स्थिति में ऊष्मा उत्पन्न होती है, जिसका उपयोग भाप उत्पन्न करने के लिये किया जाता है जो बिजली बनाने के लिये टरबाइन को घुमाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

30. 'मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड' (mRNA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. mRNA (मैसेंजर RNA) हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) से महत्त्वपूर्ण संदेश कोशिका की मशीनरी तक पहुँचाता है और उसे बताता है कि विशिष्ट प्रोटीन कैसे निर्मित किया जाए।
2. जब किसी कोशिका को एक विशिष्ट प्रोटीन की आवश्यकता होती है, तो वह सीधे DNA से क्रिया करता है और mRNA नामक एक प्रतिलिपि बनाता है।
3. mRNA चार बिल्डिंग ब्लॉक्स (A, U, C, G) से बना है, जो केवल तीन अक्षरों के शब्द बनाते हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वालबार्ड संधि एकमात्र संधि है, जो आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान को नियंत्रित करती है।
2. भारत स्वालबार्ड संधि का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
3. हिमाद्रि आर्कटिक में भारत का पहला अनुसंधान आधार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

32. हाल ही में ग्लोबल स्टडी ऑन मानव वध रिपोर्ट, 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई है?

A. विश्व बैंक
B. ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC)
C. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
D. इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन (IASP)

33. हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस संगठन के संस्थापक चंद्रशेखर आज़ाद थे।
2. इस एसोसिएशन द्वारा सार्वभौमिक मताधिकार और समाजवादी सिद्धांतों पर आधारित एक गणतंत्र की कल्पना की गई थी।
3. HRA को वर्ष 1927 में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) में बदल दिया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

34. मलेरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्रोटोजोआ के कारण होने वाला मच्छर जनित एक जानलेवा रक्त रोग है।
2. मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है।
3. R21/Matrix-M वैक्सीन WHO प्रीक्वालिफिकेशन हासिल करने वाली पहली मलेरिया वैक्सीन बन गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

35. डाकघर विधेयक (2023) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विधेयक भारतीय डाक के माध्यम से प्रेषित लेखों की रोकथाम के लिये प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को निर्दिष्ट करता है।
2. विधेयक में डाक सेवाओं में किसी भी चूक के लिये इंडिया पोस्ट को उत्तरदायी बनाने का प्रयास किया गया है।
3. विधेयक एक डाक अधिकारी द्वारा डाक लेखों को अनधिकृत रूप से खोलने के लिये दंड निर्दिष्ट करता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

36. नामदफा उड़न गिलहरी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अरुणाचल प्रदेश के नामदाफा टाइगर रिजर्व में पाई जाने वाली एक दुर्लभ रात्रिचर उड़न गिलहरी प्रजाति है।
2. IUCN रेड लिस्ट में इसकी स्थिति गंभीर रूप से लुप्तप्राय है और इसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम की अनुसूची I के तहत रखा गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (ICMIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ICMIS सार्वोच्च न्यायालय द्वारा अपनाया गया अगली पीढ़ी का हाइब्रिड डेटाबेस है।
2. यह एक उपयोगकर्त्ता-अनुकूल इंटरफेस के माध्यम से वादियों को ऑनलाइन जानकारी तक पहुँचने और पुन: प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।
3. ICMIS का कार्यान्वयन वर्ष 2020 में प्रारंभ हुआ।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

38. निम्न पर विचार कीजिये:

1. समृद्धि के लिये हिंद-प्रशांत आर्थिक संरचना (IPEF)
2. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)
3. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)

उपर्युक्त में से कितने संगठनों में भारत और अमेरिका दोनों सदस्य हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

39 . निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	ज्वालामुखीय क्षेत्र	देश
1.	माउंट अरारत	तुर्की
2.	कामचटका प्रायद्वीप	रूस
3.	आईजफजल्लाजोकुल	आइसलैंड

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. तीनों युग्म

D. कोई भी युग्म नहीं

40. दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दुर्लभ पृथ्वी धातुएँ पंद्रह लैंथेनाइड्स सहित सत्रह धत्विक तत्त्वों का एक समूह हैं।
2. चीन के बाद भारत दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

41. भारत कौशल रिपोर्ट 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत की जाती है?

A. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) और व्हीबॉक्स

B. प्रथम

C. नीति आयोग

D. शिक्षा मंत्रालय

42. दंशकोशिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. इनका निर्माण सीनिडोसाइट्स नामक कोशिकाओं द्वारा होता है।

B. वे फाइलम नाइडेरिया के सभी सदस्यों में मौजूद हैं।

C. उनके अलग-अलग प्रकार होते हैं, जैसे आइसोरिज़ास, यूरीटेल्स और बिरहोपलॉइड्स।

D. इनका उपयोग नाइडारियंस द्वारा गति और पाचन के लिये किया जाता है।

43. विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ढेबर आयोग, 1973 ने आदिम जनजातीय समूहों (PTG) को एक विशिष्ट श्रेणी के रूप में स्थापित किया, जिसमें जनजातीय समुदाय शामिल थे जो विकास के तुलनात्मक रूप से निम्न स्तर का प्रदर्शन करते हैं।
2. 75 सूचीबद्ध PVTG में से सबसे अधिक संख्या नगालैंड में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यायाधिकरण मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे।
2. अनुच्छेद 323 B के तहत, संसद और राज्य विधानमंडल दोनों ही न्यायाधिकरणों की स्थापना का प्रावधान करने के लिये अधिकृत हैं।
3. अनुच्छेद 323A के तहत न्यायाधिकरणों का एक पदानुक्रम बनाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

45. निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट की योजना (RoDTEP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. RoDTEP में केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कर, शुल्क एवं लेवी शामिल हैं, जिन्हें किसी अन्य मौजूदा तंत्र के माध्यम से वापस नहीं किया जाता है।
2. RoDTEP समिति राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बिहार का एकमात्र बाघ आरक्षित क्षेत्र है।
2. इस टाइगर रिज़र्व की वनस्पति भाबर और तराई क्षेत्रों का संयोजन है।
3. कोसी नदी इसके मध्य से होकर प्रवाहित होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

47. बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम ने बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 का स्थान लिया जो ब्रिटिश काल के दौरान लागू किया गया था।
2. अधिनियम बाल विवाह को रोकने के लिये बाल विवाह निषेध अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. चवित्तुनाटकम, एक नाटक रूप हाल ही में समाचारों में देखा गया था। यह निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?

A. आंध्र प्रदेश
B. केरल
C. कर्नाटक
D. मणिपुर

49. वर्नाक्युलर प्रेस अधिनियम, 1878 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम, 1878 प्रेस को विनियमित करने वाला पहला ब्रिटिश हस्तक्षेप था।
2. मेटकाफ ने वर्नाक्युलर प्रेस अधिनियम, 1878 को निरस्त कर दिया और उन्हें "भारतीय प्रेस के मुक्तिदाता" के रूप में जाना जाने लगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: सूर्य के एक न्यूट्रॉन तारा होने की उम्मीद नहीं है जो एक सघन तथा संहत तारकीय पिण्ड है जो सुपरनोवा विस्फोट के बाद एक विशाल तारे के क्रोड के अवशेषों से निर्मित होता है।

कथन-II: इसमें अंततः न्यूट्रॉन तारा बनने के लिये आवश्यक द्रव्यमान का लगभग दसवाँ हिस्सा ही है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

51. हाल ही में चर्चा में रही 'पेंटोइया टैगोरी' क्या है?

A. पश्चिमी घाट में खोजी गई एक नई मेंढक प्रजाति।
B. हिमालय में खोजी गई एक नई तितली प्रजाति।
C. जीवाणु की एक नई प्रजाति जो कृषि पद्धतियों को बदल सकती है।
D. हाल ही में मध्य प्रदेश में खोजी गई एक प्राचीन शैलचित्र।

नोट :

52. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किये गए दुनिया के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है।
2. यह ग्रामीण परिवारों में इच्छुक वयस्कों के लिये न्यूनतम वेतन पर सालाना 120 दिनों के रोज़गार का आश्वासन देता है।
3. MGNREGA 15 दिनों के भीतर काम का आश्वासन देती है या देरी होने पर "बेरोज़गारी भत्ता" प्रदान करती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शाही ईदगाह मथुरा में एक तीन गुंबद वाली मस्जिद है जो कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के निकट स्थित है।
2. उपासना स्थल अधिनियम, 1991 जो 15 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में था, किसी भी उपासना स्थल की प्रकृति को बदलने पर रोक लगाता है।
3. यह अधिनियम प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों पर लागू नहीं होता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

54. 15B परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का स्वदेशी विध्वंसक निर्माण कार्यक्रम है।
2. 15B परियोजना का लक्ष्य विशाखापत्तनम श्रेणी के विध्वंसक के रूप में निर्माण करना था।
3. इन जहाज़ों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

55. फील्ड पैंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आवृतबीजियों नामक पौधों के समूह से संबंधित है।
2. फील्ड पैंसी परागण के लिये पूर्ण रूप से कीटों पर निर्भर करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के संबंध में सही है?

A. इसका आशय शतरंज खेलने, चेहरे की पहचान करने आदि जैसे विशिष्ट कार्यों के लिये डिज़ाइन किये गए AI से है।
B. AI को मशीनों और प्रणालियों का ज्ञान प्राप्त करने, इसे लागू करने और बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है।
C. यह मानव बुद्धि को चुनौती देने वाले तथा संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले कार्यों में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने में सक्षमता को दर्शाता है।
D. इसका आशय चित्र, वीडियो और टेक्स्ट जैसे रचनात्मक आउटपुट उत्पन्न करने की क्षमता वाले AI से है।

57. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
2. इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। IMD विश्व मौसम विज्ञान संगठन के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. ब्रेकथ्रू पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. "विज्ञान के क्षेत्र में ऑस्कर (Oscars of Science)" के रूप में प्रसिद्ध इन पुरस्कारों की स्थापना बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा की गई थी।
2. इन पुरस्कारों का उद्देश्य आधारभूत विज्ञान के क्षेत्र में परिवर्तनकारी योगदान देने वाले उत्कृष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

59. पीड़कनाशी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इनका विनियमन कीटनाशक अधिनियम, 1968 के तहत किया जाता है।
2. भारत सरकार ने डिकोफोल, डिनोकैप और मेथोमाइल को प्रतिबंधित कर दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

60. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अस्ताना सम्मेलन द्वारा गठित एक अंतर-सरकारी संगठन है।
2. इसका मुख्यालय बगदाद में है।
3. ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला इसके संस्थापक सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

61. प्रसार भारती के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्रसार भारती अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त निकाय है।
2. प्रसार भारती देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है और इसके अंतर्गत दूरदर्शन टेलीविज़न नेटवर्क तथा ऑल इंडिया रेडियो शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

62. मुडियेट्टू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केरल का एक पारंपरिक अनुष्ठान थिएटर और लोकनृत्य नाटक है जो देवी काली और राक्षस दारिका के बीच लड़ाई की पौराणिक कहानी पेश करता है।
2. यह अनुष्ठान भगवती या भद्रकाली उपासना पद्धति का हिस्सा है और फसल कटाई के मौसम के बाद फरवरी और मई के बीच आयोजित किया जाता है।
3. इसे वर्ष 2010 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

63. अंटार्कटिक सर्कंपोलर करंट (ACC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागरों को जोड़ता है तथा ऊष्मा के अंतर-बेसिन आदान-प्रदान का प्राथमिक साधन है।
2. यह धारा अंटार्कटिका के चारों ओर पश्चिम से पूर्व की ओर प्रवाहित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी (WPSI) की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में बाघों की मौत की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है।
2. भारत में बाघों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी कर्नाटक में पाई जाती है।
3. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कंबोडिया, लाओस तथा वियतनाम में बाघ विलुप्त हो गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इलेक्ट्रॉनिक मृदा (e-Soil) एक नवीन प्रवाहकीय कृषि क्रियाधार (Conductive Cultivation Substrate) है जिसे विशेष रूप से हाइड्रोपोनिक प्रणालियों के लिये तैयार किया गया है।
2. हाइड्रोपोनिक्स तकनीक में पोषक तत्त्वों से भरपूर जल-आधारित, मृदा रहित माध्यम में पौधों की खेती करना शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

व्याख्या भाग-2

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पोम्पे रोग (जिसे ग्लाइकोजन भंडारण रोग प्रकार II के रूप में भी जाना जाता है) शरीर की कोशिकाओं के लाइसोसोम में ग्लाइकोजन के निर्माण की विशेषता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह रोग एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है जो एंज़ाइम एसिड अल्फा-ग्लूकोसिडेज़ (GAA) की कमी के कारण होता है। यह एंज़ाइम कोशिकाओं के लाइसोसोम के भीतर ग्लाइकोजन को ग्लूकोज़ में विघटित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - लाइसोसोम झिल्ली से आबद्ध भाग है जिनमें एंज़ाइमों की एक शृंखला होती है जो सभी प्रकार के जैविक पॉलिमर— प्रोटीन, न्यूक्लिक एसिड, कार्बोहाइड्रेट और लिपिड को तोड़ने में सक्षम होते हैं।
    - हालाँकि पोम्पे रोग का वर्तमान में कोई स्थाई उपचार नहीं है किंतु लक्षणों को दूर करने एवं रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिये अल्पकालिक उपचार के विकल्प उपलब्ध हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
    - एंज़ाइम रिप्लेसमेंट थेरेपी (Enzyme Replacement Therapy- ERT) एक सामान्य उपचार पद्धति है जिसमें ग्लाइकोजेन संचय को कम करने के लिये न्यूनता वाले एंज़ाइम का उपयोग करना शामिल है।

2.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत में मानसूनी वायु की उत्पत्ति में हिमालय एक प्रमुख कारक है।
- ग्रीष्म ऋतु के दौरान, भारतीय उपमहाद्वीप का भूभाग तेज़ी से ऊष्मित होता है, जिससे निम्न-दाब प्रणाली का निर्माण होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - हिमालय, जो एक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, उत्तर से ठंडी, शुष्क वायु के आगमन को रोकता है, जिसके परिणामस्वरूप एक दाब प्रवणता उत्पन्न होती है जो हिंद महासागर से गर्म, नम वायु खींचती है।
- थार मरुस्थल, जिसे महान भारतीय मरुस्थल भी कहा जाता है, भारत में मानसूनी पवनों की उत्पत्ति का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह मानसून की बंगाल की खाड़ी की शाखा के लिये वर्षा छाया क्षेत्र के रूप में कार्य करता है, जिसका अर्थ है कि अरावली पर्वत शृंखला द्वारा निर्मित अवरोध के कारण यहाँ बहुत कम वर्षा होती है।
  - इस प्रकार, दक्षिणी-पश्चिम मानसून की अरब सागर शाखा, जो थार मरुस्थल के समानांतर चलती है, के कारण आसपास के क्षेत्रों में भी बहुत कम वर्षा करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

3.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), असंगठित श्रम से संबंधित है।
  - PMJJBY:
  - किसी भी कारण से बीमाधारक की मृत्यु के मामले में 436/- रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए। **अतः कथन 1 सही है।**

- PMSBY:
  - प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के अंतर्गत 20/- रुपए प्रति वर्ष के प्रीमियम पर आकस्मिक मृत्यु अथवा पूर्ण रूप से स्थायी विकलांगता के मामले में 2.00 लाख रुपए एवं दुर्घटना के कारण आंशिक स्थायी विकलांगता के लिये 1.00 लाख रुपए की बीमा सुरक्षा मिलती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- स्वास्थ्य एवं मातृत्व लाभ:
  - आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के माध्यम से अभाव और व्यवसाय मानदंड के अंतर्गत स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ का बीमा किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यह माध्यमिक और तृतीयक देखभाल संबंधी अस्पताल में भर्ती होने के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा प्रदान करता है।
- वृद्धावस्था सुरक्षा:
  - भारत सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिये वर्ष 2019 में असंगठित श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद 3000/- रुपए की मासिक पेंशन प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (PM-SYM) नाम से एक पेंशन योजना शुरू की थी। **अत: कथन 4 सही है।**

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

- स्किमिटर-सींग वाला ऑरेक्स एक रेगिस्तानी मृग है। वे प्राय: सफेद होते हैं, उनकी गर्दन लाल-भूरी होती है और साथ ही चेहरे पर निशान होते हैं तथा लंबी, गहरी, गुच्छेदार पूँछ होती है। सफेद रंग रेगिस्तान की गर्मी को दूर करने में सहायता करती है।
  - गर्म और शुष्क वातावरण में इसे शारीरिक अनुकूलन के अतिरिक्त, वे पीने के पानी के बिना लंबे समय तक रह सकते हैं। वे अपने उपांगों के माध्यम से गर्मी को भी निष्कासित करते हैं।
- हाल ही में चाड गणराज्य में सफल पुन: परिचय प्रयासों को प्रदर्शित करते हुए इसे IUCN रेड सूची में जंगल में विलुप्त (Extinct in the Wild) से लुप्तप्राय (Endangered) में स्थानांतरित कर दिया गया है। **अत: विकल्प A सही है।**

5.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ), एक भौगोलिक क्षेत्र है जिसके आर्थिक नियम किसी देश के घरेलू कानूनों की तुलना में अधिक उदार होते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारत के सभी कानून SEZ में लागू होते हैं जब तक कि SEZ अधिनियम, 2005 तथा SEZ नियम, 2006 के अनुसार विशेष रूप से छूट न दी गई हो।
- SEZ श्रेणी के अंतर्गत, विभिन्न विशिष्ट क्षेत्र मौजूद हैं, जैसे- मुक्त व्यापार क्षेत्र (FTZ), निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) एवं औद्योगिक संपदा (IE)।
- भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिये निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में एशिया का पहला EPZ स्थापित किया। **अत: कथन 2 सही है।**

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्तूबर को मनाया जाता है, यह एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिये समर्थन जुटाना है। **अत: कथन 1 है।**
- मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को सरकार द्वारा संचालित या वित्त पोषित सेवाओं से मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और उपचार तक पहुँच की गारंटी देता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- इसने IPC की धारा 309 के उपयोग की गुंजाइश को काफी कम कर दिया है और आत्महत्या के प्रयास को केवल अपवाद के रूप में दंडनीय बना दिया है।
- किरण हेल्पलाइन: वर्ष 2020 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने चिंता, तनाव, अवसाद, आत्मघाती विचारों और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का सामना करने वाले लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन 'किरण' शुरू की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

7.

उत्तर: B

व्याख्या:

सामान्य रिपोर्टिंग मानक (CRS):

- CRS को G20 के अनुरोध के जवाब में स्थापित किया गया था और 15 जुलाई 2014 को OECD परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- यह क्षेत्राधिकारों को अपने संस्थानों से प्राप्त वित्तीय जानकारी का वार्षिक रूप से आदान-प्रदान करने का आदेश देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सेंट लूसिया (कैरेबियाई में एक द्वीप देश) के कर प्रशासन को मज़बूत करने के लिये सीमा विहीन कर निरीक्षक (Tax Inspectors Without Borders- TIWB) कार्यक्रम में भारत की भागीदारी कर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- तकनीकी ज्ञान तथा कौशल को स्थानांतरित करके सेंट लूसिया के कर प्रशासन को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेष रूप से सामान्य रिपोर्टिंग मानक (CRS) ढाँचे के तहत OECD के सूचना के स्वत: आदान-प्रदान (Automatic Exchange of Information- AEOI) के प्रभावी उपयोग पर ज़ोर दिया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा सरकारों से ई-सिगरेट को तंबाकू के समान मानने तथा इसके सभी स्वादों/फ्लेवर्स पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है, जिससे ई-सिगरेट को धूम्रपान का विकल्प मानने वाली सिगरेट-कम्पनियाँ खतरे की स्थिति में हैं।

ई-सिगरेट का परिचय:

- ई-सिगरेट बैटरी चालित उपकरण हैं जो एक तरल को एयरोसोल में गर्म करके संचालित होते हैं जिसे उपयोगकर्त्ता श्वसन के माध्यम से अंदर खींचता है और बाहर छोड़ता है।
  - ई-सिगरेट तरल में आमतौर पर निकोटीन, प्रोपलीन ग्लाइकोल, ग्लिसरीन, फ्लेवर तथा अन्य रसायन शामिल होते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में, ई-सिगरेट और इसी तरह के उपकरणों को रखना इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (PECA), 2019 का उल्लंघन है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ई-सिगरेट में निकोटीन का उपयोग प्रत्यक्ष पदार्थ के रूप में किया जाता है और इसकी मात्रा 36 mg/mL तक होती है। हालाँकि रेग्युलर सिगरेट में भी निकोटीन होता है, लेकिन यह 1.2 से 1.4 mg/mL के बीच होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

9.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व (EPR) तंत्र:
- EPR अपशिष्ट प्रबंधन में एक नीतिगत दृष्टिकोण है जो उत्पादकों को उनके संग्रह, पुनर्चक्रण और निपटान सहित उनके उत्पादों के संपूर्ण जीवनचक्र के लिये ज़िम्मेदार बनाता है।
  - इसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन के वित्तीय और भौतिक बोझ को सरकारों तथा करदाताओं से उत्पादकों पर स्थानांतरित करके उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'प्रदूषक भुगतान' सिद्धांत आम तौर पर स्वीकृत प्रथा है जिसके तहत जो लोग प्रदूषण फैलाते हैं उन्हें मानव स्वास्थ्य अथवा पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये इसके प्रबंधन की लागत वहन करनी चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

10.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2023 लोकसभा और राज्यसभा में पारित हो गया। इसका उद्देश्य कानूनी प्रणाली से 'दलाल' को बाहर करना था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- दलाल (Tout) उस व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो:
  - या तो किसी भुगतान के बदले में किसी कानूनी व्यवसाय में किसी कानूनी व्यवसायी का रोज़गार प्राप्त करने का प्रस्ताव करता है या प्राप्त करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सूचियाँ तैयार करना:
  - दलालों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने का अधिकार रखने वाले प्राधिकारी अधीनस्थ अदालतों को दलाल होने के कथित या संदिग्ध व्यक्तियों के आचरण की जाँच करने का आदेश दे सकते हैं।

- दंड (Penalty):
- कोई भी व्यक्ति जो दलाल के रूप में कार्य करता है, जबकि उसका नाम दलालों की सूची में शामिल है, उसे तीन महीने तक की कैद, 500 रुपए तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

अरब लीग:

- अरब लीग, जिसे लीग ऑफ अरब स्टेट्स (LAS) भी कहा जाता है, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के सभी अरब देशों का एक अंतर-सरकारी समग्र-अरब संगठन (Pan-Arab Organisation) है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1944 में अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद 22 मार्च, 1945 को काहिरा, मिस्र में इसका गठन किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में इसमें 22 अरब देश शामिल हैं जिसमें अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन शामिल हैं।

12.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने "विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स ईज़ (LEADS) 2023" रिपोर्ट का 5वाँ संस्करण जारी किया है, जो रणनीतिक अंतर्दृष्टि प्रदान करके लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हितधारकों के लिये एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। **अत: विकल्प A सही है।**

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

जंगली याक:

- परिचय:
  - जंगली याक, जिसे बोस ग्रुनिएन्स या बोस म्यूटस के नाम से जाना जाता है, तिब्बती पठार के भीतर दूरदराज़ के इलाकों में पनपता है, विशेष रूप से उच्च ऊँचाई वाले अल्पाइन टुंड्रा, घास के मैदानों और ठंडे रेगिस्तानों में रहता है।
  - प्रवासी प्रजातियों पर अभिसमय (CMS) की रिपोर्ट है कि मूल वनीय याक, पूर्व काल में भूटान और नेपाल में भी पाए जाते थे, लेकिन माना जाता है कि अब उन देशों में विलुप्त हो गये हैं और अब केवल चीन तथा भारत ही उनके निवास स्थान बचे हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संरक्षण की स्थिति:
  - वन्य जीवन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2022: अनुसूची- I, **अत: कथन 2 सही है।**
  - IUCN रेड लिस्ट स्थिति: सुभेद्य। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - CITES: CITES का परिशिष्ट- I

14.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हीरे: हीरा शुद्ध कार्बन से निर्मित एक दुर्लभ, प्राकृतिक रूप से प्राप्त किया जाने वाला खनिज है। हीरा शब्द ग्रीक शब्द एडमास से आया है, जिसका अर्थ है, अविनाशी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रमुख हीरा उत्पादक देश: रूस, बोत्सवाना, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका एवं लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो हैं।
  - रूस, विश्व में कच्चे हीरों का सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसने वर्ष 2022 में लगभग 42 मिलियन कैरेट का खनन किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

15.

उत्तर: A

व्याख्या:

वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) तंत्र:

- भारतीय मध्यस्थता माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 (जिसे वर्ष 2015, 2019 और 2021 में संशोधित किया गया है) द्वारा शासित एवं विनियमित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - माध्यस्थम् और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा भारतीय माध्यस्थम् परिषद् (ACI) नामक एक स्वतंत्र निकाय स्थापित किया गया।
- मध्यस्थता में, "मध्यस्थ" नामक एक निष्पक्ष व्यक्ति पक्षों को विवाद के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुँचने में मदद करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मध्यस्थ, विवाद का कोई समाधान प्रदान नहीं करता है बल्कि एक अनुकूल वातावरण बनाता है जिसमें विवादित पक्ष अपने सभी विवादों को हल कर सकते हैं।

नोट :

- यह एक गैर-बाध्यकारी प्रक्रिया है जिसमें एक निष्पक्ष तीसरा पक्ष अर्थात सुलहकर्त्ता, विवाद के पारस्परिक रूप से संतोषजनक सहमत समाधान तक पहुँचने में विवाद के पक्षों की सहायता करता है।
  - यह सुलह, माध्यस्थम् का एक अल्प औपचारिक रूप है। **अतः कथन 3 सही है।**

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

अदन की खाड़ी:

- अदन की खाड़ी, हिंद महासागर की एक शाखा, अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट पर यमन और अफ्रीका में सोमालिया के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह दक्षिण में सोमालिया और सोकोत्रा द्वीप समूह से, उत्तर में यमन से, पूर्व में अरब सागर से तथा पश्चिम में ज़िबूती से घिरा है।
- खाड़ी - लगभग 900 किलोमीटर लंबी और 500 किलोमीटर चौड़ी, फारस की खाड़ी के तेल के परिवहन के लिये एक महत्त्वपूर्ण जलमार्ग है।
- यह खाड़ी बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से लाल सागर को अरब सागर से जोड़ती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह यूरोप और सुदूर पूर्व के बीच एक आवश्यक तेल परिवहन मार्ग बनाता है।

17.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने लाल सागर में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक बहुराष्ट्रीय सुरक्षा पहल, ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन शुरू की है। **अतः कथन 1 सही है।**
- क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास (Security and Growth for All in the Region- SAGAR) को वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के लिये भारत की सामरिक दृष्टि है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- SAGAR के माध्यम से, भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक तथा सुरक्षा सहयोग को गहन करना चाहता है एवं उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है।

18.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में टेलीकॉम सेक्टर की स्थिति
  - भारत में दूरसंचार उद्योग अगस्त 2023 तक 1.179 बिलियन (वायरलेस + वायरलाइन उपयोगकर्त्ता) के उपयोगकर्त्ता आधार के साथ विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह FDI अंतर्वाह के मामले में चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है, जो कुल FDI अंतर्वाह में 6% का योगदान देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारत में कुल टेली-घनत्व 84.69% है। टेली-घनत्व प्रति 100 जनसंख्या पर टेलीफोन की संख्या को दर्शाता है तथा दूरसंचार तक पहुँच का एक प्रमुख संकेतक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

19.

उत्तर: C

व्याख्या:

सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE):

- सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE), केंद्रीय बजट वर्ष 2019-20 में पेश किया गया था जिसका उद्देश्य सामाजिक उद्यम, स्वैच्छिक तथा कल्याणकारी संगठनों को सूचीबद्ध कर एक मंच प्रदान करना था जिसकी सहायता से वे पूंजी जुटा सकें।
  - सामाजिक उद्यम से आशय ऐसे उद्यम से है जिसकी प्रकृति हानि-रहित है और यह लाभांश का भुगतान नहीं करता है तथा जिसकी स्थापना सामाजिक मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह बाज़ार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इस पहल का उद्देश्य उन सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों की मदद करना है जो इक्विटी अथवा ऋण अथवा म्यूचुअल फंड की एक इकाई के रूप में पूंजी जुटाने के लिये सामाजिक उद्देश्यों से कार्य करते हैं।
- यह विदेशी सहायता से भारत की स्वतंत्रता को प्रदर्शित करते हुए, सामाजिक कल्याण परियोजनाओं के लिये वित्तपोषण के नवीन तथा किफायती स्रोत प्रदान करता है।
- SEBI ने SSE पर पंजीकृत सामाजिक उद्यमों को ज़ीरो कूपन ज़ीरो प्रिंसिपल बॉण्ड (ZCZP) के माध्यम से धन जुटाने की अनुमति दी थी। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

- ZCZP बॉण्ड ऋण प्रदान नहीं करते हैं तथा निवेशकों को बॉण्ड की परिपक्वता पर कोई पूंजी प्रदत्त नहीं की जाती है।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- CCPI देशों के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन पर नज़र रखने के लिये एक स्वतंत्र निगरानी उपकरण है। यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जलवायु नीति में पारदर्शिता बढ़ाता है तथा अलग-अलग देशों के जलवायु संरक्षण प्रयासों एवं प्रगति की तुलना करने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह वर्ष 2005 से प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कोलाट्टम आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों का लोक नृत्य है। यह एक धार्मिक प्रस्तुति का हिस्सा है, जहाँ महिला नर्तकियाँ आंध्र प्रदेश के कई क्षेत्रों में मंदिर की देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- पोनुंग अरुणाचल प्रदेश के आदि आदिवासी (Adi Tribal) समुदाय द्वारा किया जाने वाला फसल नृत्य है। यह फसल कटाई कार्य से ठीक पहले आयोजित होने वाले उत्सव में नृत्य किया जाता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- बगुरुम्बा असम राज्य और उत्तर पूर्व भारत में रहने वाले स्वदेशी बोरो लोगों का एक पारंपरिक नृत्य है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

22.

उत्तर: A

व्याख्या:

विधानसभा के सदस्य की अयोग्यता:

- निवारक निरोध कानून के तहत किसी व्यक्ति की हिरासत अयोग्यता नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि कोई उच्च न्यायालय दोषसिद्धि पर रोक लगा देता है या दोषी सदस्य के पक्ष में अपील का फैसला करता है तो अयोग्यता के निर्णय को वापस लिया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- किसी सदस्य की अयोग्यता पर राज्यपाल का निर्णय अंतिम होता है, लेकिन उन्हें कार्रवाई करने से पहले चुनाव आयोग की राय लेनी होगी। **अत: कथन 3 सही है।**

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

इसरो के भविष्य के प्रयास:

- चंद्रयान–4 मिशन: इसरो द्वारा चार साल के भीतर चंद्रमा से नमूने वापस लाने की योजना बनाई गई है।
  - गगनयान: गगनयान मिशन का उद्देश्य मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। मिशन में दो मानवरहित उड़ानें और एक मानवयुक्त उड़ान शामिल होगी, जिसमें GSLV MK–III लॉन्च वाहन तथा एक मानव-रेटेड कक्षीय मॉड्यूल का उपयोग किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन: रोबोट के साथ प्रयोग करने में सक्षम पहला मॉड्यूल वर्ष 2028 तक लॉन्च होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - निसार (NISAR): NASA-ISRO SAR (NISAR) एक निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) वेधशाला है जिसे नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

विशेष प्रयोजन वाहन (SPV):

- एक विशेष प्रयोजन वाहन एक पृथक कानूनी इकाई है जिसमें एक निगम के सभी गुण होते हैं जैसे कि संपत्ति का मालिक होना, मुकदमा चलाने की क्षमता आदि।
- एक SPV, जिसे एक विशेष प्रयोजन इकाई (SPE) के रूप में भी जाना जाता है, वित्तीय जोखिमों से बचाने के लिये एक मुख्य कंपनी द्वारा बनाई गई एक अलग कंपनी की तरह है।
- भले ही मुख्य कंपनी दिवालियापन का सामना करती है, SPV की स्वतंत्र कानूनी स्थिति यह सुनिश्चित करती है कि उसके दायित्व सुरक्षित रहें।
  - यही कारण है कि SPV को अक्सर दिवालियापन-दूरस्थ इकाई के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- SPV को एक जोखिमपूर्ण परियोजना पर कार्य करने के लिये नियोजित किया जा सकता है, जिससे मुख्य कंपनी एवं उसके निवेशकों को होने वाली किसी भी संभावित वित्तीय हानि को कम किया जा सकता है।
- उद्यम पूंजीपति धन जुटाने तथा किसी स्टार्टअप में निवेश करने के लिये SPV का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

25.

उत्तरः B

व्याख्याः

- हाल ही में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने भारतीय वन एवं लकड़ी प्रमाणन योजना (Indian Forest & Wood Certification Scheme- IFWCS) शुरू की है। यह राष्ट्रीय वन प्रमाणन योजना देश में स्थायी वन प्रबंधन और कृषि वानिकी को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये स्वैच्छिक तृतीय-पक्ष प्रमाणन प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रक अभिकरणः
  - इस योजना की देख-रेख भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन परिषद द्वारा की जाएगी, जो एक बहुहितधारक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करेगी।
  - भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल योजना संचालन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा और योजना के समग्र प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार होगा।
  - भारतीय गुणवत्ता परिषद के अधीन प्रमाणन निकायों के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड प्रमाणन निकायों को मान्यता देगा जो स्वतंत्र ऑडिट करेगा तथा योजना के तहत निर्धारित मानकों पर विभिन्न संस्थाओं के पालन का आकलन करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- वनों के बाहर एक अन्य पेड़ मानकः
  - वनों के बाहर एक अलग पेड़ मानक, अब नई शुरू की गई भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन योजना के एक भाग के रूप में पेश किया गया है।
  - 'वनों के बाहर के पेड़' का अर्थ रिकॉर्ड किये गए तथा अधिसूचित वनों के बाहर, व्यक्तिगत किसानों अथवा छोटे किसानों के समूह की कृषि भूमि अथवा संस्थानों एवं उद्योगों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण क्षेत्र इत्यादि में उगने वाले वृक्षों से हैं जिसमें बाड़ (Hedge) व मेड़ों पर लगे सभी पेड़, कृषिवानिकी, सिल्वो-पशुपालन, शहरी एवं ग्रामीण वानिकी प्रणालियों तथा ब्लॉक वृक्षारोपण के विभिन्न मॉडलों में उगाए गए पेड़ भी शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

26.

उत्तरः C

व्याख्याः

- AI मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में भारत के भीतर AI के लिये सशक्त कंप्यूटिंग क्षमता स्थापित करना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस मिशन का लक्ष्य कृषि, स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में AI अनुप्रयोगों को बढ़ावा देते हुए स्टार्टअप एवं उद्यमियों के लिये सेवाओं को बढ़ाना है।
- इस महत्त्वाकांक्षी योजना में 10,000 से 30,000 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (Graphics Processing Unit-GPU) के बीच पर्याप्त कंप्यूटिंग क्षमता का निर्माण करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत डेटासेट प्लेटफॉर्म की शुरुआत पर प्रकाश डाला गया है, जो स्टार्टअप और शोधकर्त्ताओं को गैर-व्यक्तिगत एवं अनामीकृत डेटासेट प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

27.

उत्तरः C

व्याख्याः

- SHG BL परियोजना वर्ष 1992 में NABARD द्वारा शुरू की गई थी और अब यह विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोफाइनेंस परियोजना बन गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस कार्यक्रम के तहत बैंकों को SHG के लिये बचत खाते खोलने की अनुमति दी गई।
- इस परियोजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) के तहत कर्मचारियों और सामुदायिक कैडरों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ग्रामीण स्तर पर प्रशिक्षित वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन (FLCRP) व्यक्तियों के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों (SHG) के सदस्यों को वित्तीय शिक्षा प्रदान की जाती है।
- SHG के प्रशिक्षित सदस्य बैंक सखी जो मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं, लेनदेन और आवेदन प्रक्रियाओं में SHG सदस्यों की सहायता करती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

28.

उत्तरः B

व्याख्याः

- मिथिला का एक समृद्ध तथा प्राचीन इतिहास रहा है, जिसका इतिहास वैदिक काल (1500-500 ईसा पूर्व) से प्रारंभ है, उस दौरान यह भारत के 16 महाजनपदों में से एक था। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण में गंगा, पश्चिम में गंडकी नदी तथा पूर्व में महानंदा नदी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे महला के नाम से भी जाना जाता है जिसका उल्लेख बिहार, बंगाल एवं उड़ीसा के संयुक्त प्रांतों के राजस्व रिकॉर्ड में किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - मिथिला, जिसे तिरहुत अथवा तिरभुक्ति के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा एवं बिहार व नेपाल के निकटवर्ती क्षेत्र शामिल हैं।

29.

उत्तर: D

व्याख्या:

- विद्युत उत्पादन की दिशा में क्रांतिकता पहला कदम है। एक परमाणु रिएक्टर को तब महत्त्वपूर्ण कहा जाता है जब रिएक्टर के अंदर परमाणु ईंधन विखंडन शृंखला प्रतिक्रिया को बनाए रखता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रत्येक विखंडन प्रतिक्रिया, प्रतिक्रियाओं की शृंखला को बनाए रखने के लिये पर्याप्त संख्या में न्यूट्रॉन जारी करती है। अत: कथन 2 सही है।
  - विखंडन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक परमाणु का नाभिक दो या दो से अधिक छोटे नाभिकों और कुछ उपोत्पादों में विभाजित हो जाता है।
- इस घटना में ऊष्मा उत्पन्न होती है, जिसका उपयोग भाप उत्पन्न करने के लिये किया जाता है जो बिजली बनाने के लिये टरबाइन को घुमाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- mRNA (मैसेंजर RNA) हमारे DNA (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड) से महत्त्वपूर्ण संदेश कोशिका की मशीनरी तक पहुँचाता है और उसे बताता है कि विशिष्ट प्रोटीन कैसे निर्मित किया जाए। **अत: कथन 1 सही है।**
  - विभिन्न प्रोटीन बनाने के लिये व्यंजनों (जीन) से भरी कुकबुक्स (cookbooks) की प्रयोगशाला के रूप में डीएनए की कल्पना करें।
- जब किसी कोशिका को एक विशिष्ट प्रोटीन की आवश्यकता होती है, तो वह सीधे DNA से क्रिया नहीं करती बल्कि इसके स्थान पर mRNA की प्रतिलिपि निर्मित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह mRNA एक संदेशवाहक के रूप में कार्य करता है, जो प्रोटीन बनाने का निर्देश देता है। यह चार बिल्डिंग ब्लॉक्स (A, U, C, G) से बना है, जो मिलकर इनमें केवल तीन अक्षरों के शब्द बनाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

31.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत ने वर्ष 1920 में पेरिस में स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत ने वर्ष 2008 से आर्कटिक में हिमाद्रि नामक एक अनुसंधान आधार संचालित किया है, जो ज़्यादातर ग्रीष्मकाल (अप्रैल से अक्तूबर) के दौरान वैज्ञानिकों की मेज़बानी करता रहा है।
- अंटार्कटिका में दक्षिण गंगोत्री की स्थापना वर्ष 1983 में की गई थी। दक्षिण गंगोत्री वर्तमान में बर्फ आच्छादित हो गया है, हालाँकि भारत के दो अन्य स्टेशन– मैत्री और भारती, उपयोग में हैं।
- आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान आर्कटिक देशों के व्यक्तिगत अधिकार क्षेत्र के अतिरिक्त वर्ष 1920 की स्वालबार्ड संधि और समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों द्वारा शासित होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हाल ही में केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने आर्कटिक के लिये भारत के पहले शीतकालीन वैज्ञानिक अभियान को हरी झंडी दिखाई। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

32.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) ने मानव वध (Homicide) रिपोर्ट, 2023 पर एक वैश्विक अध्ययन जारी किया है, जिसमें पाया गया कि नरसंहार सशस्त्र संघर्ष तथा आतंकवाद से भी बड़ा अपराध है। **अत: विकल्प B सही है।**

33.

उत्तर: A

व्याख्या:

हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन :

- स्थापना: असहयोग आंदोलन को रोकने के फैसले से युवाओं में असंतोष हो गया और इन्होंने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) की स्थापना की।

- राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान, समूह के संस्थापकों में से थे। अन्य में सचिंद्र नाथ बख्शी और ट्रेड यूनियनिस्ट जोगेश चंद्र चटर्जी शामिल थे।
- चन्द्रशेखर आज़ाद और भगत सिंह जैसी हस्तियाँ भी HRA में शामिल हुईं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- HRA का दृष्टिकोण: उन्होंने सार्वभौमिक मताधिकार और समाजवादी सिद्धांतों पर आधारित एक गणतंत्र की कल्पना की, जिसमें मानव शोषण वाली प्रणालियों के उन्मूलन को प्राथमिकता दी गई। **अत: कथन 2 सही है।**
- HRA का विकास: समाजवादी विचारधाराओं की ओर बदलाव के कारण HRA वर्ष 1928 में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) में तब्दील हो गया, जिसने अपना ध्यान राजनीतिक स्वतंत्रता से बढ़ाकर सामाजिक-आर्थिक समानता पर केंद्रित कर लिया।
- भगत सिंह जैसी हस्तियों के नेतृत्व में, HSRA ने राष्ट्रवादी आकांक्षाओं को समाजवादी सिद्धांतों के साथ सम्मिलित किया, जिससे भारत के स्वतंत्रता संग्राम की दिशा बदल गई। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

34.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मलेरिया:
  - यह प्लाज़्मोडियम परजीवियों के कारण होने वाला मच्छर जनित एक जानलेवा रक्त रोग है। यह रोकथाम योग्य तथा उपचार योग्य है।
- मुख्य रूप से यह अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका तथा एशिया के उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है, जिसमें परजीवी यकृत में पहुँचकर लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने हाल ही में R21/Matrix-M मलेरिया वैक्सीन को अपनी प्रीक्वालिफाईड टीकों की सूची में शामिल किया है।
- R21/मैट्रिक्स-M वैक्सीन WHO की पूर्व-योग्यता प्राप्त करने वाली दूसरी मलेरिया वैक्सीन बन गई है, पहली वैक्सीन RTS, S/AS01 थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

35.

उत्तर: D

व्याख्या:

डाकघर विधेयक, 2023 की मुख्य विशेषताएँ:

- डाक अधिकारी किसी भी वस्तु को "अंतरुद्ध" कर सकते हैं: यह विधेयक केंद्र को राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, सार्वजनिक व्यवस्था, आपातकाल, सार्वजनिक सुरक्षा अथवा अन्य कानूनों के उल्लंघन के हित में किसी भी अधिकारी को "किसी भी वस्तु को रोकने, खोलने अथवा हिरासत में लेने" का अधिकार देने की अनुमति प्रदान करता है।
  - आलोचना: विधेयक भारतीय डाक के माध्यम से प्रेषित लेखों की रोकथाम के लिये प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को निर्दिष्ट नहीं करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- डाकघर को दायित्व से छूट: बिल डाकघर और उसके अधिकारी को डाकघर द्वारा प्रदान की गई किसी भी सेवा के दौरान किसी भी हानि, गलत वितरण, देरी या क्षति के कारण किसी भी दायित्व से छूट देता है, इसके आलावा ऐसे दायित्व जो निर्धारित किये जा सकते है।
  - आलोचना: विधेयक भारतीय डाक को डाक सेवाओं में चूक के लिये दायित्व से छूट देता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अपराधों और दंडों को हटाना:
  - विधेयक 1898 अधिनियम के तहत सभी दंडों और अपराधों को हटाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

हाल ही में नामदफा नामक उड़ने वाली गिलहरी (Biswamoyopterus biswasi) 42 वर्षों तक लापता रहने के बाद अरुणाचल प्रदेश में फिर से सामने आई है।

- नामदफा उड़ने वाली गिलहरी का आखिरी बार वर्णन 1981 में अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में नामदाफा टाइगर रिज़र्व में पाए गए एकल प्रजाति के आधार पर किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह लाल विशाल उड़ने वाली गिलहरी (पेटौरिस्टा पेटौरिस्टा) मुख्य रूप से इसके कानों पर बालों के प्रमुख गुच्छे के कारण अलग है, जो उसी पारिस्थितिकी तंत्र की एक अन्य प्रजाति है।
- इस प्रजाति का पता लगाने में कठिनाई के कारण यह चिंता उत्पन्न हो गई कि इसे गलती से लाल रंग की विशाल उड़ने वाली गिलहरी समझ लिया गया होगा या इससे भी बदतर, इसे विलुप्त होने का सामना करना पड़ा होगा।
- संरक्षण स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटापन्न
  - वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2022: I

    अत: कथन 2 सही है।

37.

उत्तर: B

व्याख्या:

इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (ICMIS):

- ICMIS सार्वोच्च न्यायालय (SC) द्वारा अपनाया गया अगली पीढ़ी का हाइब्रिड डेटाबेस है। यह मामलों से संबंधित विभिन्न सूचना स्रोतों को एकीकृत करता है, जैसे मामले की स्थिति, आदेश, निर्णय, अपील आदि। **अत: कथन 1 सही है।**
- ICMIS एक उपयोगकर्त्ता-अनुकूल इंटरफेस के माध्यम से वादियों को ऑनलाइन जानकारी तक पहुँचने और पुन: प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह मामलों की प्रगति पर वास्तविक समय अपडेट भी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ICMIS केस दाखिल करने तथा निस्तारण में हेरफेर और देरी को कम करने में मदद करता है। यह ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से मामलों और दस्तावेज़ों को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा भी प्रदान करता है।
- वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (ICMIS) ने उच्चतम निपटान संख्या प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

38.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:
  - भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका संयुक्त राष्ट्र, G-20, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (ASEAN), क्षेत्रीय मंच, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन सहित बहुपक्षीय संगठनों में निकटता से सहयोग करते हैं।
  - भारत, हिंद-प्रशांत आर्थिक संरचना (IPEF) पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी करने वाले बारह देशों में से एक है। **अत: विकल्प 1 सही है।**
  - भारत हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का सदस्य है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका एक संवाद भागीदार है। **अत: विकल्प 2 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत में मुख्यालय वाले अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हो गया और वर्ष 2022 में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) में शामिल हो गया। **अत: विकल्प 3 सही है।**

39.

उत्तर: C

व्याख्या:

विश्व में ज्वालामुखी-प्रवण क्षेत्र:

- मध्य महाद्वीपीय बेल्ट:
  - इस श्रृंखला में आल्प्स पर्वत, भूमध्य सागर (स्ट्रोम्बोली, वेसुवियस, एटना, आदि), एजियन सागर, माउंट अरारत (तुर्की), एल्बर्ज़, हिंदू-कुश और हिमालय के ज्वालामुखी शामिल हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है**
- परि-प्रशांत बेल्ट:
  - प्रशांत अग्नि वलय में कुल 452 ज्वालामुखियाँ हैं।
  - इसके अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी रूस के कामचटका प्रायद्वीप से लेकर जापान तथा दक्षिण-पूर्व एशिया में न्यूज़ीलैंड के द्वीपों तक इसके पश्चिमी किनारे पर स्थित हैं। **अत:, जोड़ी 2 सही सुमेलित है।**
- मध्य अटलांटिक कटक:
  - मध्य-अटलांटिक कटक (Ridge) उत्तरी और दक्षिणी अमेरिकी प्लेट को यूरेशियन एवं अफ्रीकी प्लेट से अलग करता है। आइसलैंड मध्य-अटलांटिक रिज़ पर स्थित है, जो तकनीकी रूप से दुनिया की सबसे लंबी पर्वत श्रृंखला है, लेकिन अटलांटिक महासागर के तल पर स्थित है।
  - आइसलैंड यूरोप में सर्वाधिक 33 सक्रिय ज्वालामुखियों का घर है। इस अद्वितीय परिदृश्य ने आइसलैंड को 'अग्नि और बर्फ की भूमि' की उपाधि दी है।
- ◆ आइसलैंड के सबसे प्रसिद्ध ज्वालामुखियों में से एक आईजफजल्लाजोकुल (Eyjafjallajökull) में वर्ष 2010 में विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर राख के बादल छा गए थे।

नोट :

40.

उत्तर: A

व्याख्या:

दुर्लभ पृथ्वी धातुएँ:

- दुर्लभ पृथ्वी धातुएँ सत्रह धात्विक तत्त्वों का एक समूह हैं। इनमें स्कैंडियम और येट्रियम के अलावा आवर्त सारणी पर पंद्रह लैंथेनाइड्स शामिल हैं जो लैंथेनाइड्स के समान भौतिक और रासायनिक गुण दिखाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का सबसे बड़ा निर्यातक चीन है, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

41.

उत्तर: A

व्याख्या:

भारत कौशल रिपोर्ट 2024:

- हाल ही में व्हीबॉक्स ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय विश्वविद्यालय संघ सहित विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से भारत कौशल रिपोर्ट- 2024 प्रकाशित की है, जिसमें भारत का कौशल परिदृश्य एवं कार्यबल पर AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है। **अतः विकल्प A सही है।**

42.

उत्तर: D

व्याख्या:

दंशकोशिका:

- दंशकोशिका नाइडेरिया (Cnidarians) में पाई जाने वाली विशेष कोशिकाएँ हैं जिनमें जेलीफिश, मूंगा, समुद्री एनीमोन तथा हाइड्रा शामिल हैं जो शिकार करने तथा शिकारियों से बचाव के लिये प्रबल शस्त्र के रूप में कार्य करते हैं।
  - प्रत्येक दंशकोशिका में कुंडलित, धागे जैसी नलिका वाला एक कैप्सूल होता है और इसके भीतर विषाक्त पदार्थ होते हैं जो गोली से भी तेज़ गति से बाहर निकल सकते हैं।
- नाइडेरिया में निमेटोब्लास्ट होते हैं जो संभावित शिकार के संपर्क में आने पर दंशकोशिका उत्सर्जित करते हैं। दंशकोशिका शिकार की बाहरी परत को भेदते हैं अथवा उसके शरीर में विषाक्त पदार्थों को संचरित करते हैं।
  - दंशकोशिका में मौजूद विषाक्त पदार्थों का शिकार पर पैरालिटिक (पक्षाघात) अथवा साइटोलिटिक (कोशिकाओं को नष्ट करने वाला) प्रभाव पड़ता है।
- नाइडेरियन जीव शिकारी अथवा रक्षात्मक उद्देश्यों के लिये विषाक्त पदार्थों के संयोजन का उपयोग करते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

43.

उत्तर: A

व्याख्या:

विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG):

- भारत में जनजातीय जनसंख्या इसकी कुल जनसंख्या का 8.6% है।
- जनजातीय समूहों में PVTG अधिक असुरक्षित समूह होते हैं। इस कारक के कारण, अधिक विकसित तथा मुखर जनजातीय समूह जनजातीय विकास निधि का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त करते हैं, जिसके कारण PVTG को अपने विकास के लिये अधिक धन की आवश्यकता होती है।
- वर्ष 1973 में ढेबर आयोग ने आदिम जनजातीय समूह (PTG) को एक अलग श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया जो जनजातीय समूहों में अल्प विकसित हैं। वर्ष 2006 में भारत सरकार ने PTG का नाम बदलकर PVTG कर दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- सूचीबद्ध 75 PVTG में से सबसे अधिक संख्या ओडिशा में पाई जाती है। **अतः 2 सही नहीं है।**

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

न्यायाधिकरण:

- न्यायाधिकरण एक अर्द्ध-न्यायिक संस्था है जिसे प्रशासनिक या कर-संबंधी विवादों को सुलझाने जैसी समस्याओं से निपटने के लिये स्थापित किया गया है। यह कई कार्य करता है जैसे विवादों का निपटारा करना, चुनाव लड़ने वाले पक्षों के बीच अधिकारों का निर्धारण करना, प्रशासनिक निर्णय लेना, मौजूदा प्रशासनिक निर्णय की समीक्षा करना आदि।
- संवैधानिक प्रावधान:
  - न्यायाधिकरण मूल संविधान का हिस्सा नहीं था, इसे 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भारतीय संविधान में शामिल किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - अनुच्छेद 323-A प्रशासनिक न्यायाधिकरणों से संबंधित है।
    - अनुच्छेद 323 अन्य मामलों के लिये न्यायाधिकरण से संबंधित है।

नोट :

- अनुच्छेद 323 B के तहत संसद और राज्य विधानमंडल निम्नलिखित मामलों से संबंधित विवादों के निपटारे के लिये न्यायाधिकरण की स्थापना हेतु अधिकृत हैं:
  - कराधान
  - विदेशी मुद्रा, आयात और निर्यात
  - औद्योगिक और श्रम
  - भूमि सुधार
  - शहरी संपत्ति पर सीमा
  - संसद और राज्य विधानमंडलों के लिये चुनाव
  - खाद्य सामग्री
  - किराया और किरायेदारी अधिकार
- **अत: कथन 2 सही है।**
- अनुच्छेद 323A और 323B में अंतर:
  - अनुच्छेद 323 A केवल सार्वजनिक सेवा मामलों के लिये न्यायाधिकरणों की स्थापना पर विचार करता है, अनुच्छेद 323 B कुछ अन्य मामलों (ऊपरोक्त) के लिये न्यायाधिकरणों की स्थापना पर विचार करता है।
  - अनुच्छेद 323 A के तहत अधिकरण केवल संसद द्वारा स्थापित किये जा सकते हैं, अनुच्छेद 323 B के तहत अधिकरण उनकी विधायी क्षमता के अंतर्गत आने वाले मामलों के संबंध में संसद तथा राज्य विधानमंडल दोनों द्वारा स्थापित किये जा सकते हैं।
  - अनुच्छेद 323 A के तहत, केंद्र के लिये केवल एक तथा प्रत्येक राज्य के लिये एक अथवा दो अथवा दो से अधिक राज्यों के लिये एक अधिकरण स्थापित किया जा सकता है। इसके तहत अधिकरणों के पदानुक्रम की कोई प्रावधान नहीं है, जबकि अनुच्छेद 323 B के तहत अधिकरणों का एक पदानुक्रम बनाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

45.

उत्तर: C

व्याख्या:

केंद्र सरकार चीनी निर्यात पर कर छूट लाभ को पुनर्जीवित करने की योजना बना रही है, जिसे वर्ष 2022 के मध्य में 'प्रतिबंधित' श्रेणी में रखा गया था।

- निर्यात उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट (RoDTEP) योजना, जिसे जनवरी 2021 में लॉन्च किया गया था, का उद्देश्य निर्यातित वस्तुओं के निर्माण एवं वितरण की प्रक्रिया में निर्यात संस्थाओं द्वारा किये गए करों, शुल्कों तथा लेवी/वसूली की प्रतिपूर्ति हेतु एक तंत्र प्रदान करना है।
- RoDTEP में केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कर, शुल्क व लेवी शामिल हैं, जिन्हें किसी अन्य मौजूदा तंत्र के माध्यम से वापस नहीं किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - RoDTEP समिति वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि इस योजना के तहत, चीनी निर्यातकों को सीमा शुल्क अधिकारियों से कर संबंधी पूछताछ का सामना करना पड़ा, क्योंकि यह एक प्रतिबंधित उत्पाद है और निर्यात लाभ के लिये पात्र नहीं है।
  - चीनी, जिसका व्यापार पहले मुक्त निर्यात के तहत होता था, ने RoDTEP लाभ की मांग की।

46.

उत्तर: B

व्याख्या:

वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व (VTR):

- VTR बिहार का एकमात्र बाघ अभयारण्य/टाइगर रिज़र्व है, जो भारत में हिमालय के तराई वनों की सबसे पूर्वी सीमा का निर्माण करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - VTR बिहार के पश्चिम चंपारण ज़िले में स्थित है जो उत्तर में नेपाल तथा पश्चिम में उत्तर प्रदेश के साथ सीमा साझा करता है।
- गंगा के मैदानी जैव-भौगोलिक क्षेत्र में स्थित इस टाइगर रिज़र्व की वनस्पति भाबर तथा तराई क्षेत्रों का संयोजन है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व के वनों में पाए जाने वाले वन्य स्तनधारियों में बाघ, स्लॉथ भालू, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, बाइसन, जंगली सूअर आदि शामिल हैं।
- गंडक, पंडई, मनोर, हरहा, मसान तथा भपसा नदियाँ इस अभ्यारण्य के विभिन्न हिस्सों से प्रवाहित होती हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006:

- इस अधिनियम ने बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 का स्थान लिया जो ब्रिटिश काल के दौरान लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

- इसमें बच्चे का मतलब 21 साल से कम उम्र का पुरुष और 18 साल से कम उम्र की महिला है।
- इसमें दो साल के कठोर कारावास और/या 1 लाख रुपए के ज़ुर्माने की सज़ा के प्रावधान के साथ बाल विवाह को रोकने की परिकल्पना की गई है।
- यह अधिनियम बाल विवाह निषेध अधिकारी की नियुक्ति का भी प्रावधान करता है जिसका कर्त्तव्य बाल विवाह को रोकना और इसके बारे में जागरूकता फैलाना है। **अत: कथन 2 सही है।**

48.

उत्तर: B

व्याख्या:

- चवित्तु नाटकम, एक रंगीन और सशक्त थिएटर रूप, एक लोक कला रूप माना जाता है जो पात्रों के आकर्षक मेकअप, उनकी विस्तृत वेशभूषा, हावभाव तथा अच्छी तरह से परिभाषित शारीरिक गतिविधियों के लिये जाना जाता है।
- ऐसा माना जाता है कि ईसाई धर्म के प्रसार के साथ केरल के कोडुंगल्लूर में इस कला का विकास हुआ। माना जाता है कि पुर्तगालियों ने इस कला रूप को केरल में पेश किया था।
- **अत: विकल्प A सही है।**

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

प्रेस विनियमन से संबंधित स्वतंत्रता-पूर्व विधान:

- लॉर्ड वेलेज़ली (वर्ष 1799) के तहत सेंसरशिप: फ्राँसीसी आक्रमण की आशंकाओं के कारण पूर्व-सेंसरशिप सहित सख्त युद्धकालीन प्रेस नियंत्रण लागू किया गया।
  - बाद में वर्ष 1818 में लॉर्ड हेस्टिंग्स द्वारा प्री-सेंसरशिप हटाकर इसमें ढील/छूट दी गई।
- जॉन एडम्स द्वारा लाइसेंसिंग विनियम (1823): इसमें बिना लाइसेंस के प्रेस शुरू करने या संचालित करने के लिये दंड का प्रावधान किया गया, जिसे बाद में बढ़ाते हुए विभिन्न प्रकाशनों पर लागू कर दिया गया।
  - मुख्य रूप से भारतीय भाषा के समाचार पत्रों या भारतीयों के नेतृत्व वाले समाचार पत्रों को निशाना बनाया गया, जिसके कारण राममोहन राय का मिरात-उल-अकबर बंद हो गया।
- प्रेस अधिनियम, 1835 (मेटकाफ अधिनियम): प्रतिबंधात्मक 1823 अध्यादेश को निरस्त कर दिया गया, जिससे मेटकाफ को "भारतीय प्रेस के मुक्तिदाता" की उपाधि मिली। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - मुद्रकों/प्रकाशकों द्वारा अपने परिसर के बारे में सटीक घोषणाएँ करना अनिवार्य की गईं और आवश्यकतानुसार समाप्ति की अनुमति दी गई।
- वर्ष 1857 के विद्रोह के दौरान लाइसेंसिंग अधिनियम: 1857 के आपातकाल के कारण आगे लाइसेंसिंग प्रतिबंध लगाए गए।
  - मौजूदा रजिस्ट्रीकरण प्रक्रियाओं को संवर्द्धित किया गया, जिससे सरकार को किसी भी मुद्रित सामग्री के प्रसार को रोकने की शक्ति मिल गई।
- वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम, 1878: इसे वर्नाक्यूलर प्रेस को विनियमित करने, राजद्रोह से संबंधित लेखन को प्रतिबंधित करने और विभिन्न समुदायों के बीच कलह को रोकने के लिये डिज़ाइन किया गया।
  - स्थानीय समाचार पत्रों के मुद्रकों और प्रकाशकों को सरकार विरोधी या विभाजनकारी विषयों का प्रसार करने से परहेज के लिये एक बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने की मांग की गई।
  - मजिस्ट्रेट द्वारा लिये गए निर्णय न्यायालय में अपील के किसी भी अवसर के बिना अंतिम होते थे।
  - स्पष्टत: भारतीय प्रेस को विनियमित करने वाला यह पहला ब्रिटिश हस्तक्षेप नहीं था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समाचार पत्र (अपराधों को उकसाना) अधिनियम, 1908: हिंसा या हत्या के लिये उकसाने, आपत्तिजनक विषय-वस्तुओं को प्रकाशित करने वाली प्रेस संपत्तियों को ज़ब्त करने के लिये मजिस्ट्रेटों को अधिकार दिया गया।
  - उग्र राष्ट्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक को राजद्रोह के आरोपों का सामना करना पड़ा और उन्हें मांडले ले जाया गया, जिससे व्यापक विरोध और हड़ताल के घटनाएँ हुईं।
- भारतीय प्रेस अधिनियम, 1910: स्थानीय सरकार रजिस्ट्रीकरण के समय सुरक्षा की मांग कर सकती थी, उल्लंघन करने वाले समाचार पत्रों को दंडित कर सकती थी और जाँच के लिये निशुल्क प्रतियों की मांग कर सकती थी।
  - वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम के समान कड़े नियम लागू करके प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित किया गया।

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

न्यूट्रॉन तारा एक सघन तथा संहत तारकीय पिण्ड है जो सुपरनोवा विस्फोट के बाद एक विशाल तारे के क्रोड के अवशेषों से

नोट :

निर्मित होता है। ये तारे ब्रह्मांड में ज्ञात सबसे घने पिंडों में से हैं, जो एक विशाल द्रव्यमान को अपेक्षाकृत छोटे आकार में समेटते हैं।

- वर्ष 1967 में पल्सर की खोज ने न्यूट्रॉन तारों के अस्तित्व का पहला साक्ष्य प्रदान किया। पल्सर वे न्यूट्रॉन तारे हैं जो प्रत्येक घूर्णन में एक बार विकिरण के स्पंदन उत्सर्जित करते हैं।
- किंतु सूर्य इसके लिये पर्याप्त बड़ा नहीं है इसमें मूल रूप से न्यूट्रॉन तारा बनने के लिये आवश्यक द्रव्यमान का केवल दसवाँ हिस्सा है। **अतः कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है**

51.

उत्तर: C

व्याख्या:

पेंटोइया टैगोरी:

- विश्वभारती विश्वविद्यालय के शोधकर्त्ताओं ने जीवाणु की एक नई प्रजाति की खोज की है जो कृषि पद्धतियों में परिवर्तन ला सकती है।
- उन्होंने प्रसिद्ध नोबेल पुरस्कार विजेता रबींद्रनाथ टैगोर के नाम पर इसका नाम पेंटोइया टैगोरी रखा। **अतः विकल्प C सही है।**

52.

उत्तर: B

व्याख्या:

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS):

- MGNREGA ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में शुरू किये गए विश्व के सबसे बड़े रोज़गार गारंटी कार्यक्रमों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना न्यूनतम वेतन पर सार्वजनिक कार्यों से संबंधित अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम एक सौ दिनों के रोज़गार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- MGNREGA के डिज़ाइन की आधारशिला इसकी कानूनी गारंटी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी ग्रामीण वयस्क कार्य के लिये अनुरोध कर सकता है और उसे 15 दिनों के भीतर कार्य मिलना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**
    - यदि यह प्रतिबद्धता पूरी नहीं होती है, तो "बेरोज़गारी भत्ता" प्रदान किया जाना चाहिये।

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाल ही में निर्णय सुनाया कि मथुरा में तीन गुंबद वाली मस्जिद शाही ईदगाह के लिये एक सर्वेक्षण किया जाएगा। यह मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के निकट स्थित शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने के लिये एक न्यायालय आयोग के नियुक्ति की मांग कर रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उपासना स्थल अधिनियम, 1991 जो 15 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में था, किसी भी उपासना स्थल की प्रकृति को बदलने पर रोक लगाता है। इसमें किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण पर रोक लगाने के साथ उनकी धार्मिक प्रकृति के रखरखाव को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह अधिनियम प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत शामिल प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों पर लागू नहीं होता है। इसमें उन मामलों को भी शामिल नहीं किया गया है जिनका समाधान पहले ही हो चुका है या ऐसे विवाद जो आपसी समझौते से हल किये गए हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

54.

उत्तर: D

व्याख्या:

15B परियोजना:

- भारत का स्वदेशी विध्वंसक पोत निर्माण कार्यक्रम वर्ष 1990 के दशक के अंत में तीन दिल्ली श्रेणी (P-15 वर्ग) युद्धपोतों के साथ शुरू हुआ तथा इसके एक दशक बाद तीन कोलकाता श्रेणी (P-15A) विध्वंसक युद्धपोतों को शामिल किया गया।
    - वर्तमान में 15A परियोजना में प्राप्त सफलता एवं तकनीकी प्रगति के बाद, P-15B (विशाखापत्तनम श्रेणी) के तहत कुल चार युद्धपोतों (विशाखापत्तनम, मोर्मुगाओ, इंफाल, सूरत) की योजना बनाई गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - 15B परियोजना का लक्ष्य कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक युद्धपोतों के उन्नत संस्करण को विशाखापत्तनम श्रेणी के विध्वंसक के रूप में निर्मित करना था।
- इस श्रेणी की पहचान इसके प्रमुख पोत के नाम से की जाती है, इसलिये इसे विशाखापत्तनम श्रेणी के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- इन जहाज़ों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया है और मुंबई में मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDSL) द्वारा निर्मित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: D

व्याख्या:

हाल ही में वैज्ञानिकों ने पेरिस, फ्राँस में पाए जाने वाले एक पुष्पी पौधे में तेज़ी से विकास के साक्ष्य का खुलासा किया है। फील्ड पैंसी (वियोला अर्वेन्सिस) के रूप में पहचाने जाने वाला यह पौधा स्व-परागण में सक्षम है जो बाह्य परागणक पर पारंपरिक निर्भरता के विपरीत है।

- फील्ड पैंसी (वियोला अर्वेन्सिस), एक सामान्य वन्य पुष्प है जो यूरोप, एशिया तथा उत्तरी अमेरिका के कई हिस्सों में पाया जा सकता है।
- यह आवृतबीजियों (Angiosperms) नामक पौधों के समूह से संबंधित है, जो फल नामक एक सुरक्षात्मक संरचना के भीतर बीज पैदा करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कीटों की घटती मौजूदगी के कारण फील्ड पैंसी स्व-परागण के लिये विकसित हो गई है, जिससे परागणकों पर इसकी निर्भरता कम हो गई। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

56.

उत्तर: B

व्याख्या:

- AI के प्रकार:

क्षमताओं के आधार पर	विवरण
दुर्बल AI या संकीर्ण AI	इस AI को शतरंज खेलने, चेहरे पहचानने या सिफारिशें करने जैसे विशिष्ट कार्यों के लिये डिज़ाइन किया गया है। उदाहरणों में सिरी, वॉटसन, AlphaGo शामिल हैं।
जनरल AI	तर्कशक्ति, लर्निंग और प्लानिंग सहित किसी भी बौद्धिक कार्य को करने की क्षमता जो मनुष्य कर सकता है। कोई मौजूदा उदाहरण नहीं है, लेकिन शोधकर्त्ता इस पर कार्य कर रहे हैं।
सुपर AI	काल्पनिक AI जो मानव बुद्धि से बढ़कर है, रचनात्मकता, आत्म-जागरूकता और भावना जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले कार्यों में उत्कृष्ट है। कोई वर्तमान उदाहरण नहीं, केवल भविष्य की संभावनाएँ।

कार्यक्षमता पर आधारित	विवरण
प्रतिक्रियाशील मशीनें	AI जो वर्तमान स्थिति पर प्रतिक्रिया करता है लेकिन उसमें स्मृति या पिछले अनुभवों से सीख लेने का अभाव है। उदाहरणों में डीप ब्लू, AlphaGo शामिल हैं।
सीमित मेमोरी	AI जो थोड़े समय के लिये कुछ डेटा या पिछले अनुभव को संग्रहीत करता है, निर्णय लेने के लिये इसका उपयोग करता है। उदाहरणों में सेल्फ-ड्राइविंग कारें, चैटबॉट शामिल हैं।
मस्तिष्क का सिद्धांत	वह जो दूसरों की मानसिक स्थिति, शून्यता और विश्वास को समझता है तथा उनका अनुकरण करता है। फ्लो ड्यूरेंट (flo durrent) उदाहरण, अनुसंधान जारी है।
सेल्फ अवेयर	स्वयं की भावना, चेतना और आत्म-प्रतिबिंब वाला AI इसके वर्तमान उदाहरण हैं, जो दार्शनिक तथा वैज्ञानिक तर्क-वितर्क के अधीन हैं।

57.

उत्तर: B

व्याख्या:

भारत मौसम विज्ञान विभाग:

- IMD की स्थापना 1875 में हुई थी। यह देश की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा है और मौसम विज्ञान एवं संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।
  - यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी के रूप में कार्य करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- IMD विश्व मौसम विज्ञान संगठन के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है। **अतः कथन 2 सही है।**

58.

उत्तर: A

व्याख्या:

ब्रेकथ्रू पुरस्कार:

- इसे वर्ष 2012 में यूरी मिलनर, मार्क जुकरबर्ग, प्रिसिला चान (फेसबुक से) और सर्गेई ब्रिन (गूगल से) सहित सिलिकॉन वैली के प्रमुख लोगों द्वारा स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस पुरस्कार का उद्देश्य उन उत्कृष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने आधारभूत विज्ञान, विशेष रूप से जीवन विज्ञान, गणित और मूलभूत भौतिकी जैसे क्षेत्रों में परिवर्तनकारी योगदान दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ब्रेकथ्रू पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये जाते हैं, जिनमें जीवन विज्ञान (जीव विज्ञान, आनुवंशिकी, चिकित्सा), मूलभूत भौतिकी एवं गणित शामिल हैं।

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पीड़कनाशी के उपयोग को कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं नियमावली, 1971 के तहत विनियमित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - कीटनाशी अधिनियम, 1968 भारत में पीड़कनाशी के पंजीकरण, निर्माण एवं बिक्री को कवर करता है।
    - यह अधिनियम कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासित किया जाता है।
- भारत सरकार ने डिकोफोल, डिनोकैप और मेथोमाइल को प्रतिबंधित कर दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**

60.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसका उद्देश्य विश्व बाज़ार में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित तथा तेल की आपूर्ति का प्रबंधन करना है। यह उत्पादक एवं खरीदार दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से पड़ने वाले प्रभाव को कम करता है।
- इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके संस्थापक सदस्य ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

61.

उत्तर: C

व्याख्या:

- प्रसार भारती भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है। यह प्रसार भारती अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त निकाय है और इसमें दूरदर्शन टेलीविज़न नेटवर्क तथा ऑल इंडिया रेडियो शामिल हैं, जो पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयाँ थीं। **अतः कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।**

62.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मुडियेट्टू केरल की एक पारंपरिक नृत्य नाटिका है जो देवी काली और राक्षस दरिका के बीच लड़ाई की पौराणिक कहानी पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह भगवती अथवा भद्रकाली उपासना पद्धति का हिस्सा है और आमतौर पर फसल कटाई के बाद फरवरी और मई के बीच भगवती मंदिरों में आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मरार और कुरुप्पु समुदायों के सदस्य इसका प्रदर्शन करते है, वे अपने चेहरे पर रंग लगाते हैं और काफी बड़ी और रंगीन पोशाक व टोपी पहनते हैं।
    - इसमें शिव, नारद, दारिका, काली, दानवेंद्र, कोइचादर और कुली जैसे विभिन्न पात्र रूप शामिल हैं।
- विजयी काली द्वारा दारिका का सिर पकड़कर मंच पर प्रवेश करने के साथ इस अनुष्ठान का समापन होता है, जिसके बाद शिव की स्तुति गीत का गायन होता है।
- इसे वर्ष 2010 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया था और इससे पूर्व कुटियाट्टम को विरासत सूची में शामिल किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

63.

उत्तर: C

व्याख्या:

अंटार्कटिक परिध्रुवी धारा (Antarctic Circumpolar Current- ACC):

- यह विश्व भर के महासागरों में एकमात्र धारा है जो एक परिध्रुवी लूप में स्वयं की ओर प्रवाहित होती है।
    - इस विशेषता के कारण यह पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में सबसे महत्त्वपूर्ण धारा है क्योंकि यह अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागरों को जोड़ती है तथा ऊष्मा, कार्बन डाइऑक्साइड, रसायन के अंतर-बेसिन आदान-प्रदान का प्राथमिक साधन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका निर्माण दक्षिणी महासागर में तेज़ पश्चिमी हवाओं और भूमध्य रेखा तथा ध्रुवों के बीच सतह के तापमान में बड़े बदलाव के संयुक्त प्रभाव से होता है। यह धारा अंटार्कटिका के आसपास पश्चिम से पूर्व की ओर प्रवाहित होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जैसे-जैसे जल शीतल और अधिक खारा होता जाता है, समुद्र का घनत्त्व बढ़ता जाता है। उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्र का ऊष्म, लवणीय सतही जल अंटार्कटिक के लगभग शीतल, ताज़े जल की तुलना में बहुत हल्का होता है।

64.

उत्तर: (B)

व्याख्या:

- महाराष्ट्र में सबसे अधिक (52) बाघों की मौत दर्ज की गई है, यह राज्य में बाघों के संरक्षण संबंधी उपायों की पर्याप्तता को उजागर करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- तमिलनाडु और केरल प्रत्येक में 15 बाघों की मौत दर्ज की गई, यह बाघों के अस्तित्त्व संबंधी व्यापक समस्या को दर्शाता है। बाघों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाले कर्नाटक में 13 बाघों की मौत हुई है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) के अनुसार, अवैध शिकार और निवास स्थान को क्षति पहुँचने के कारण कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ विलुप्त हो गए हैं। यह विश्व की जैवविविधता के लिये एक दुखद क्षति है। हालाँकि अन्य देशों में बाघों की आबादी के संरक्षण के लिये अभी भी प्रयास किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिये भारत में विश्व के 75% बाघ पाए जाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

65.

उत्तर: (C)

व्याख्या:

- इलेक्ट्रॉनिक मृदा (e-Soil) एक नवीन प्रवाहकीय कृषि क्रियाधार (Conductive Cultivation Substrate) है जिसे विशेष रूप से हाइड्रोपोनिक प्रणालियों के लिये तैयार किया गया है।
- खनिज ऊन (Mineral Wool) जैसे पारंपरिक क्रियाधार के विपरीत, जो गैर-बायोडिग्रेडेबल होते हैं तथा ऊर्जा-गहन प्रक्रियाओं का उपयोग करके निर्मित होते हैं, ई-सॉइल (e-Soil) सेल्यूलोज़ से बनी होती है जिसे एक बायोपॉलिमर, जिसे PEDOT [पॉली (3,4-एथिलीन डाइ-ऑक्सीथियोफीन)] नामक एक प्रवाहकीय बहुलक के साथ मिश्रित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाइड्रोपोनिक्स तकनीक में पोषक तत्त्वों से भरपूर जल-आधारित, मृदा रहित माध्यम में पौधों की खेती करना शामिल है। हाइड्रोपोनिक्स मृदा रहित माध्यम में जल आधारित, पोषक तत्त्वों से भरपूर विलयन में पौधों को उगाने की एक विधि है। इसमें मृदा का उपयोग नहीं किया जाता है, इसके स्थान पर जड़ को पर्लाइट, रॉकवूल, मृदा के छर्रों, पीट काई, या वर्मीक्यूलाईट जैसे निष्क्रिय माध्यम का उपयोग किया जाता है।
- इसका मूलभूत कार्य पौधों की जड़ों को पोषण और ऑक्सीजन तक सीधी पहुँच प्रदान करना है, जो उनके स्वस्थ विकास के लिये आवश्यक हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

✦ ✦ ✦ ✦

नोट :